जब से खाटू वाले से प्यार हो गया

जब से खाटू वाले से प्यार हो गया
जीवन मेरा गुलजार हो गया
जब से श्याम से प्यार हो गया
जीवन मेरा गुलजार हो गया

नैनो से नैन मिले बंधी दिल की डोरी,
रंगीन दुनिया हुई मेरी थी जो कोरी,
श्याम धनि जब से मेरा यार हो गया
जीवन मेरा गुलजार हो गया

हर तरफ नजर आये मुझको खाटू वाला
संग मेरे रेहता है बन के ये रखवाला
खुशहाल मेरा पूरा परिवार हो गया
जीवन मेरा गुलजार हो गया

प्रेमियों का प्रेमी है संवारे सांवरिया
श्याम प्रेम में बंधा है कुंदन वावारिया,
जब से श्याम चरणों में बलिहार हो गया
जीवन मेरा गुलजार हो गया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19814/title/jab-se-khatu-vale-se-pyaar-ho-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |